निदेशक डा० पी० पी० भोजवेद, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून ने १७ दिसम्बर २०१२ को संस्थान स्थित प्रकाष्ठ यांत्रिकी अनुभाग, वनोपज प्रभाग द्वारा आयोजित “प्रकाष्ठ का वर्गीकरण एवं श्रेणीवद्ध करना” के सन्दर्भ में पॅाच दिवसीय (१७ से २१ दिसम्बर २०१२) लधु प्रशिक्षण पाठयक्रम का उदधाटन किया । इस पाठयक्रम में नेवल डोक्यार्ड (नौ सेना गोदीबाडा) मुम्वई से १३ प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहें है इस पाठयक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों को प्रकाष्ठ के वर्गीकरण एवं श्रेणीवद्ध करने से सम्बन्धित जानकारी दी जायेगी साथ ही प्रशिक्षणार्थीयों को एक दिवसीय भ्रमण के दौरान प्रकाष्ठ भण्डार रायवाला वन विकास निगम उत्तराखण्ड के सहयोग से प्रकाष्ठ के श्रेणीवद्ध करने के तरीकों का ज्ञान दिया जायेगा साथ ही प्रकाष्ठ की उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जायेगी। डा० वाई० एम० दूवे, वैज्ञानिक एवं कोर्स डायरेक्टर ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी । प्रभाग प्रमुख डा० साधना त्रिपाठी ने बताया कि काष्ठ के दूसरे पहेलुओं पर भी जानकारी दी जायेगी । इस अवसर पर डा० किशन कुमार वी एस, श्री एन० के० उप्रेती, श्री डी०पी० खाली, डा० पी० के० पाण्डे और श्री अजमल समानी उपस्थित रहें।